बिहार सरकार
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

आदेश

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–83 दिनांक 09.01.2026 के आलोक में बिहार सरकार के सात निश्चय 3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान (Ease of Living) के तहत युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग में सप्ताह के दो कार्यदिवसों (सोमवार एवं शुक्रवार) को आमलोगों की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया जाना है। उक्त दो कार्यदिवसों को आगन्तुकों का पदाधिकारियों से मिलने का समय/स्थान निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :–

दिन	समय	स्थान
सोमवार	09:30 am – 06:00 pm	सचिव का कार्यालय कक्ष
शुक्रवार	04:00 pm – 05:00 pm	

2. निर्धारित दोनों कार्यदिवसों को सचिव आम लोगों से अपने कार्यालय कक्ष में मिलेंगे। इस दौरान श्री सुरेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (LWE), श्री श्याम प्रकाश शुक्ल, उप निदेशक (नियोजन) एवं श्री किशोर कुमार प्रसाद, मिशन प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बिहार कौशल विकास मिशन उपस्थित रहेंगे।

3. यदि सचिव किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण आम लोगों से अपने कार्यालय कक्ष में मिलेंगे। बैठक के दौरान निदेशक के साथ उक्त तीनों पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

4. आगन्तुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण एवं वेबसाइट पर डाटा अपलोड का कार्य सचिव कोषांग में कार्यरत श्री रामचन्द्र सिंह, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर करेंगे। सचिव की अनुपस्थिति में निदेशक कोषांग में आगन्तुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण एवं डाटा अपलोड का कार्य निदेशक कोषांग में कार्यरत श्री पारस कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर करेंगे।

ह0/–
(शंकर दयाल)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– टी0–1/स्था0(05)मु0–11/2025 128 पटना, दिनांक–10/02/2026

प्रतिलिपिः मा० मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण (दोनों पक्ष)/सचिव, बिहार युवा आयोग, पटना/मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन/मुख्यालय में स्थित सभी पदाधिकारी/सभी संबंधित पदाधिकारियों/आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)/सभी संबंधित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

S. Dayal 10/02/26
(शंकर दयाल)
सरकार के उप सचिव